प्रेस विज्ञप्ति-

लखनऊ, 3 ,नवम्बर , 2022

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित, पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तीसरे दिन, श्री मानस श्रीवास्तव, ब्यूरो हेड न्यूज़24 ,उत्तर प्रदेश ने विद्यार्थियों के सम्मुख भारतीय राजनीति में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला| उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का काम लोगों को लोकतंत्र के विषय में और जागरूक करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय राजनीति एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बारे में बताया और उनका मार्गदर्शन किया कि कैसे विद्यार्थी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपना भविष्य बना सकते हैं।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अनामिका सिंह, वरिष्ठ विशेष संवाददाता न्यूज़18 , उत्तर प्रदेश ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने व्याख्यान में कहा कि उनको एक अच्छा रिपोर्टर बनने के लिए हर क्षेत्र की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया की एक रिपोर्टर को उसका प्रस्तुतीकरण खास बनाता है।

दोनों सत्र ऑनलाइन मोड के द्वारा आयोजित हुए | इस कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर रुचिता सुजॉय चौधरी, विषय प्रभारी पत्रकारिता एवं जनसंचार रहीं और संयोजक सैयद मोहसिन हैदर रहे। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डॉ. काजिम रिजवी, डॉ शाचिद्र शेखर एवं डॉ.नसीब तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे |

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय